तापमान

अधिकतम 25.0 डिग्री

न्यूनतम 10.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 9 जनवरी 2026

11 नपा अध्यक्ष ने उचित मूल्य की दुकान का किया शुभारंभ



12 भूमिका का राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता...





## खबर संक्षेप

### पीएम -अजय योजना में जिले को मिला 852 हितग्राहियों का लक्ष्य

**बलौदाबाजार**। प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय (पीएम-अजय) योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति को कुल 852 हितग्राहियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। प्राप्त लक्ष्यों को अग्रणी बैंक अधिकारी भारतीय स्टेट बैंक गार्डन चौक बलौदाबाजार की सहमति से विभाजित को प्रेषित किया गया है। बैंकों द्वारा ऋण स्वीकृति पर 50 प्रतिशत जो भी कम हो अनुदान स्वरूप प्रदान किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड बलौदाबाजार को 274, विकासखंड भाटापारा को 210, विकासखंड कसडोल को 84, विकासखंड पलारी को 122 एवं विकासखंड सिमगा को 162 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

### पलारी में हिन्दू सम्मेलन कल

**पलारी**। नगर के गांधी चौक में 10 जनवरी को दोपहर 1 बजे हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के आरंभ में मातृशक्ति द्वारा रामधुनी के साथ कलश यात्रा लेकर नगर भ्रमण किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बलौदाबाजार जिला कार्यवाह शालीन साहू होंगे। इस कार्यक्रम में भारत माता की आरती के साथ साथ प्रसाद वितरण कार्यक्रम होगा। यह जानकारी पलारी आरएसएस मंडल कार्यवाह खोमेश साहू ने दी जानकारी।

### अभ्यर्थियों के ठहरने की व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**बलौदाबाजार**। भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा 10 से 24 जनवरी तक बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम आमातालाब जिला-धमतरी में शारीरिक दक्षता एवं अन्य प्रक्रिया का आयोजन किया जाएगा। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के ऐसे आवेदक जिन्होंने मई-जून 2025 में ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) में भाग लेकर परीक्षा उत्तीर्ण की है वे आवेदक इस भर्ती रैली में शारीरिक दक्षता सहित और अन्य भर्ती प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। जिले के आवेदकों के लिए 15 जनवरी, 20 जनवरी एवं 21 जनवरी को आयोजित की जा रही है। रैली में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों के ठहरने की व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारी का नियुक्ति किया गया है, जिसमें सोनकर भवन राम बाग, विन्ध्यवासिनी वार्ड अश्वनी पाटकर, रैनबसेरा, जिला अस्पताल के पास, राजकुमार सिन्हा सामुदायिक भवन, मराठा मंगल भवन के पास मराठा पारा बिरीश गजपाल एवं राखेचा भवन, साल्हेवार पारा रोड धमतरी चेतन साहू शामिल है। अधिक जानकारी के लिए सेना भर्ती कार्यालय, नवा रायपुर के दूरभाष नम्बर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### कुर्सी चोरी का आरोप लगाकर मारपीट

**महासमुंद**। कुर्सी चोरी का आरोप लगाकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में पिथौरा थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को कुनु वासुदेव निवासी लाखागढ़ ने बताया कि 2 जनवरी को घर के सामने रहने वाला लल्ला खान उसे घूमने के बात कहकर पिथौरा कॉलेज के पीछे ले गया और कहा कि हमारे घर की कुर्सी चोरी करके ले गये हो। साथ ही गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद फोन करके अपने दोस्तों को बुलाया। इस दौरान लल्ला खान हाथ मुक्का व लकडी के डंडे से मारपीट करने लगा। जब उसके दोस्त आये, तो उन्होंने भी गाली-गलौज कर मारपीट की, जिनमें से एक ने सिगरेट से सके हाथ और पेट को जला दिया। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# सावधान ! अर्जुनी के आत्मानंद स्कूल में कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

मेन रोड पर स्थित ग्राम अर्जुनी के स्वामी आत्मानंद हिंदी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के बच्चों के साथ दुर्घटना होने की आशंका है। इसकी चिंता ग्रामीणों और पालकों ने जताई है। यह चिंता न केवल पढ़ाई करने वाले बच्चों के प्रति है, बल्कि हर वो व्यक्ति जो विद्यालय के आसपास से गुजरता है।

बता दें कि आत्मानंद स्कूल से मुख्यमार्ग बलौदाबाजार भाटापारा सबसे व्यस्ततम मार्ग है। वहीं सड़क किनारे स्कूल का मुख्य द्वार बनाया गया है, जहां से स्कूल के बच्चों के प्रवेश करते हैं। इतना ही नहीं व्यस्ततम मार्ग व ठीक उस पार संचालित दुकान में बच्चों को सड़क पारकर सामान खरीददारी करते देखा जा सकता है , जो कि शिक्षकों की छात्रों पर निगरानी का अभाव देखा गया है। इससे कभी भी सड़क दुर्घटना होने का भय बना है। वहीं विद्यालय के प्रवेश द्वार पर स्कूल वाहन चालक वाहन को बेतरतीब खड़ा कर देते हैं जिससे व्यवस्था असमान्य बनी रहती है। इस पर विद्यालय द्वारा कोई आपत्ति दर्ज नहीं करायी है। विद्यालय के सामने बेरिगेट का भी प्रबंध नहीं कराया गया, जो की लापरवाही को दर्शाता है। तेज रफ्तार गाड़ी चलाना इस मार्ग में आमबात है। इस पर यातायात पुलिस भी कोई कारवाई नहीं करती, जिसका परिणाम पढ़ने वाले बच्चों को भुगतना पड़ सकता है।

## भारी यातायात के बीच जान जोखिम में डाल रहे छात्र



### यातायात पुलिस से सुरक्षा उपकरण बेरीगेट लगाने आवेदन दिया

इस पर शिक्षकों को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए विद्यालय के खुलने व बंद होने के समय बच्चों को अपने देखरेख में सुरक्षित सड़क पार करने की आवश्यकता है। ग्रामीणों ने विद्यालय का मुख्य द्वार टोनाटार मार्ग की तरफ किए जाने की मांग की है। इस सबंध में प्राचार्य अवधेश कुमार वर्मा से चर्चा करने पर यातायात पुलिस से सुरक्षा उपकरण बेरीगेट लगाने आवेदन दिया गया हैं।

## बच्चों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और जरूरी दस्तावेज रखने के लिए किया जागरूक

# लवन के छात्र-छात्राओं को पढ़ाया गया यातायात नियम का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

पुलिस थाना प्रभारी प्रमोद सिंग ने गुरुवार को नगर के विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर लवन के स्कूली बच्चों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया गया। थाना प्रभारी की अगुवाई में स्कूल के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के बारे मे विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने ने बच्चों को बताया की असावधानी और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण इन दिनों सड़क दुर्घटनाएं काफी बढ़ गई हैं। इससे बचने के लिए हमेशा दो पहिए वाहनों को चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगाएं। पुलिस से बचने के लिए नहीं बल्कि अपनी जिंदगी से बचने के लिए यातायात नियमों का पालन करे।इसी कड़ी में शासकीय विद्यालय एवं सरस्वती शिशु मंदिर लवन के छात्रों को यातायात संकेतों, विद्युत सिग्नल, यातायात ▶▶ शेष पेज 11 पर



### यातायात नियमों की जानकारी अपने अविभावकों को दे

वाहन चलाते समय अपने साथ उससे संबंधित जरूरी कागजात साथ लेकर चलें। थाना प्रभारी ने बच्चों से कहा कि जब वे घर जाये तो इस बात की जानकारी अपने अविभावकों को दे, जिला मुख्यालय के निदेश पर ट्रैफिक नियमों के प्रति विभिन्न स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किया गया इससे बच्चे जागरूक होंगे।



### वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग ना करे

ओवर स्पीड में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करना सड़क दुर्घटना का कारण बन जाते हैं, इसके बारे में चालकों को सजग रहना चाहिए। स्कूली बच्चों को समझाया गया कि 18 वर्ष के होने से पहले हमें व्हीकल नहीं चलाना चाहिए। 18 वर्ष के होने उपरांत ड्राइविंग लाइसेंस जरूर बनवाएं। लवन थाना प्रभारी प्रमोद सिंग ने कहा कि इस मौके पर स्कूल के शिक्षकों को भी सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी ने बच्चों को पूरे थाने की अवलोकन कराया और विभागों की जानकारी भी दी।

## रेलवे का बड़ा निर्णय

# जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी अब कहलाएगी 'मूकमाटी एक्सप्रेस'




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर विद्यासागर महाराज की कृति मूकमाटी के नाम पर रायपुर-जबलपुर चलने वाली 11701 - 11702 जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का नामकरण हुआ। आचार्य विद्यासागर महाराज ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों को छत्तीसगढ़ की पावन भूमि डोंगरगढ़ में व्यतीत किया और अंतिम समय में आचार्य श्री की समाधि भी डोंगरगढ़ में हुई।

भाटापारा नगर के प्रकाश मोदी वर्तमान में छत्तीसगढ़ सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष हैं एवं राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग में एडवाइजरी पैनल के सदस्य हैं, जिन्होंने आगरा के सांसद नवीन जैन एवं अहमदाबाद के मेयर गौतम शाह से मिलकर इस मांग को भारत के गृहमंत्री अमित शाह एवं रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव तक अपनी बात को पहुंचाई।



रेल मंत्री ने 7 जनवरी को उक्त ट्रेन का नाम मूकमाटी एक्सप्रेस घोषित कर दिया है। संपूर्ण भारतवर्ष की जैन समाज में घोषित करने से एक खुशी की लहर है और सभी जैन समाज ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृहमंत्री अमित शाह एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का धन्यवाद ज्ञापित किया। रायपुर डीआरएम से मिलकर प्रकाश मोदी यह पत्र डीआरएम को सौंपेंगे। उक्त जानकारी अभिषेक मोदी के द्वारा प्रदान की गई।

## नगर में मुख्यमंत्री ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**खरोरा**। नगर में जोहर संगवारी जीएसए फुटबॉल क्लब के तत्वावधान में नया थाना के सामने खेल मैदान में अंतरराज्यीय सीएम ट्राफी फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस अवसर के अतिथि विधायक अनुज शर्मा, रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजु शर्मा, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अनिल सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रशिम वर्मा, मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा, पूर्व ▶▶ शेष पेज 11 पर

## विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता लेवई में कल

**भाटापारा**। इस वर्ष भी महिला खेल का आयोजन जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा भाटापारा के ग्राम लेवाई (सिंगारपुर) के खेल मैदान में 10 जनवरी को प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा। इस प्रतियोगिता 9 से 18 वर्ष तथा 18 से 35 वर्ष के नीचे दो आयु वर्ग में आयोजित होगी, जिसमे महिला खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। खेल विद्या में एथलेटिक्स में 100 मी 400 मी और तवा फेंक के अलावा खो-खो, व्हालीबाल, बैडमिंटन, हॉकी, फुटबाल, बास्केटबॉल, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग, रस्साकसी 9 से 18 वर्ष (460 कि.ग्रा.) 18 से 35 वर्ष (500 कि. ग्रा.) है खेल प्रतियोगिता में शामिल है जो भी खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में शामिल होना चाहते हैं वो अपना पंजीयन स्कूल/संस्था के माध्यम से विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में योगेश कटैलिहा, फिरोज टंडन से सम्पर्क कर 9 जनवरी तक करा सकते है। उक्त जानकारी भाटापारा नोडल शरद पंसारी ने दी है।

# बिजली कटौती के विरोध में पार्षदों व नागरिकों का आक्रोश, दफ्तर घेराव की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर में बिजली विभाग द्वारा की जा रही कथित अनियमितताओं एवं मनमानी के खिलाफ नगर पालिका बलौदाबाजार के नेता प्रतिपक्ष, पार्षदों, पार्षद प्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों का आक्रोश सामने आया है। शहर में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा आमजनों व जनप्रतिनिधियों की शिकायतों की अनदेखी को लेकर नाराजगी जताई गई।

इसी कड़ी में पार्षदों के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने बिजली विभाग



कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों को जन समस्याओं से अवगत कराया तथा स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में विभाग का घेराव किया जाएगा। प्रतिनिधियों ने कहा कि आम जनता के हितों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त ▶▶ शेष पेज 11 पर

## पुलिस, होमगार्ड, स्काउट्स, एनसीसी को मिली सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी

# दामाखेड़ा मेला में सुरक्षा के होंगे चाक चौबंद इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- 23 जनवरी से 1 फरवरी तक होगा विशाल संत समागम मेला
- कलेक्टर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए दामाखेड़ा मेले की तैयारियों की समीक्षा

कलेक्टर दीपक सोनी ने कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में आगामी 23 जनवरी से शुरू हो रहे सन्त समागम समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने मेले में आने वाले अतिथियों और श्रद्धालुओं के रहने की समुचित व्यवस्था के




निर्देश दिए जहां, बिजली, पानी, शौचालय और स्नानागार का इंतज़ाम हो। इसके अलावा मेले में रोजाना आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न स्थानों पर शौचालय और पेयजल में स्पॉट्स बनायें। उन्होंने मेला पहुंच मार्ग और मेला स्थल पर सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समुचित सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस, होमगार्ड, स्काउट्स, एनसीसी को भी व्यवस्था में शामिल करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से मेला स्थल पर 24 घंटें निगरानी रहेगी। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को पर्याप्त हेल्थ वर्कर्स के साथ मोबाइल मेडिकल यूनिट की व्यवस्था के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि मेला स्थल पर पर्याप्त साफ सफाई की व्यवस्था होनी चाहिए। आपात स्थित से बचने के लिए फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस की व्यवस्था भी रहेगी।

उल्लेखनीय है कि माघ मेला बसंत पंचमी 23 जनवरी से प्रारम्भ होकर माघ पूर्णिमा 1 फरवरी तक चलेगा। 23 जनवरी को नवोदित वंशाचार्य उदितमुनि नाम साहब का चादर तिलक समारोह भी होग़ा, इसलिए इस वर्ष अधिक संख्या में श्रद्धालु दामाखेड़ा पहुंचेंगे। बैठक में एसपी भावना गुप्ता, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम अतुल शेटे डिप्टी कलेक्टर रजनी छड़ीमली सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## जल आवर्धन योजना के लिए पाइप लाइन विस्तार का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगर पंचायत में गुरुवार को जल आवर्धन योजना के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में 5 किलोमीटर लगभग 1 करोड़ की पाइपलाइन विस्तार कार्य का नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू के मुख्य आतिथ्य में भूमिपूजन किया गया। इस दौरान उन वार्डों को भी योजना में शामिल किया गया, जो पूर्व में पाइप लाइन विस्तार से वंचित रह गए थे। नगर पंचायत द्वारा नगर के सभी वार्डों में समान रूप से मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में यह कार्य एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, सीएमओ मनोज बंजारा, इंजीनियर पोषण साहू, सभापति नेमसिंह बांधे, पार्षद प्रतिभा धीरहे, लुकेश्वरी निषाद, नारायण धीवर, बंटी वर्मा, सुभाष वर्मा, भूषण ठेठवार, राधा वर्मा, खेलन वर्मा, संतोष देवांगन सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### राजपूत समाज का नववर्ष मिलन समारोह 11 को

**महासमुंद।** राजपूत क्षत्रिय समाज महासमुंद द्वारा 11 जनवरी 2026 को सामाजिक भवन नयापारा में संध्या 04 बजे नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा होंगे। अध्यक्षता नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू करेंगे। इस अवसर पर समाज द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। साथ ही अतिथियों का साफ़ा पहनाकर तलवार भेंटकर सम्मान किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए राजपूत क्षत्रिय समाज महासमुंद के अध्यक्ष उदयपाल सिंह भदौरिया व राजपूत क्षत्रिय समाज महासमुंद के संरक्षक व पूर्व अध्यक्ष भरत सिंह ठाकुर ने अधिक से अधिक संख्या में सामाजिक बंधुओं से उपस्थित होने की अपील की है।

### ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर में विभिन्न प्रतियोगिता 11 से

**महासमुंद।** स्थानीय ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर द्वारा प्रति वर्ष की भांति युवा दिवस पर अनेक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। 11 जनवरी को भारत में लोकतंत्र, वर्तमान में विज्ञान का वरदान या अभिशाप, शिवाजी के जीवन में हिन्दुत्व प्रभाव पर निबंध प्रतियोगिता 11 से 12 बजे तक। 12 से 12.30 बजे तक महान पुरूषों के चित्र पर आधारित, पर्यारण पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता के अलावा छत्तीसगढ़ी लोक गीत तथा राष्ट्रभक्ति धार्मिक गीत पर अधारित एकल नृत्य प्रतियोगिता रखा गया है।

### स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम 12 को

**महासमुंद।** ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर, पद्मावती टांकसाले इंग्लिश मीडियम स्कूल तथा नीलकंठराव साकरकर उमाशा के संयुक्त तत्वावधान में 12 जनवरी दोपहर 2 बजे स्वामी विवेकानंद जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, विशेष अतिथिगण पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, अध्यक्ष छग बीज निगम चंद्रहास चंद्राकर, अध्यक्ष जिला प्राइवेट स्कूल एसो. जार्ज रावटे होंगे। उक्त जानकारी प्राचार्य पूजा सिन्हा ने दी है।

**आयोजन : बसना में श्रद्धा भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया प्रकाश पूरब**

# गुरू गोविंद सिंह 359वीं प्रकाश पर्व पर बसना में विशाल नगर कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बसना

- गुरुद्वारा साहिब में लगातार 7 दिन तक प्रात: 5 बजे निकाली गई प्रभात फेरी

सिक्ख धर्म के दसवें गुरु एवं खालसा पंथ के संस्थापक धन-धन गुरु गोविंद सिंह के 359 वें प्रकाश पूरब के पावन अवसर की खुशी में सिख समाज बसना द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी प्रकाश पूरब बड़ी श्रद्धा भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। गुरुद्वारा साहिब बसना में लगातार 7 दिन तक प्रातः5 बजे गुरुद्वारा साहिब बसना से प्रभात फेरी बसना नगर का भ्रमण करते हुए गुरुद्वारा साहिब बसना में वापस पहुंचती रही।

जिसमें सिख धर्म की महिला श्रद्धालुओं द्वारा गुरु वाणी का गायन करते नगर में प्रभातफेरी के माध्यम से गुरुओं के त्याग बलिदान और उनके अमृत वाणियों से जागरुकता फैलाने का शुभ कार्य किया। 6 जनवरी को गुरुद्वारा में दोपहर को विशेष दीवान सजाया गया। जिसका समापन पश्चात गुरु का अटूट अलंकार सजाया गया। शाम 4 बजे गुरुद्वारा साहिब से धन-धन गुरु ग्रंथ साहिब की सरपरस्ती पांच प्यारों की अगुवाई एवं नानक नाम लेवा संगत की हाजिरी में विशाल नगर कीर्तन छत्तीसगढ़ की विभिन्न सांस्कृतिक कर्मा, सुआ, पंथी नृत्य के साथ चौक चौराहों में हैरतअंगेज करतब दिखाते अखाड़ा दल के साथ गुरु नानक धर्मशाला से प्रारंभ हुआ, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए गायत्री मंदिर, राम-जानकी मंदिर थाना चौक, शहीद वीर नारायण सिंह चौक होकर गुरुद्वारा साहिब बसना में समापन हुआ। नगर कीर्तन में मुख्य रूप से राजनांदगांव से आई पाल की साहब जो की ठंडा बुर्ज ऐतिहासिक गुरु धाम फतेहगढ़ साहिब की आकृति में धन-धन गुरु ग्रंथ साहिब को विराजमान किया गया था। साथ ही धन-धन बाबा दीप सिंह सेवादल रायपुर के वीरों द्वारा शब्द गायन की प्रस्तुति की गई। गुरु ग्रंथ साहिब की सत्कार में सबसे आगे पानी से धोकर मार्ग को साफ कर बुहारने पश्चात फूलों की वर्षा हो रही थी। निशांत साहब जो कि सिख धर्म का प्रतीक है के साथ पंज प्यारे बहुत ही सुंदर पालकी साहिब में से गुरु ग्रंथ साहिब दर्शनार्थ विराजमान थे। उसके पीछे नानक नाम लेवा संगत गुरबाणी का गायन करते हुए पूरे नगर में भ्रमण करते हुए समापन गुरुद्वारा साहिब बसना में हुआ। इस नगर कीर्तन में आकर्षण का मुख्य केंद्र दरबार साहिब अमृतसर की तरह सुंदर पालकी साहिब में गुरु ग्रंथ साहिब का सुखानसा साहिब की सेवा संपूर्ण की गई, जिसे लेकर नगर में इस आयोजन की प्रशंसा हो रही है।



**ये रहे उपस्थित**

नगर कीर्तन का स्वागत अग्रवाल समाज, बंजारा समाज, राम जानकी मंदिर समिति, मुस्लिम समाज, सतनामी समाज, बसना विधायक संपत अग्रवाल, मानिकपुरी समाज, एहसान दानी, गुरबख्श बजाज, सिंधी समाज, सरदार सायकल एवं आटो परिवार के अलावा सिख समाज के लोगों ने जगह-जगह धन-धन गुरु ग्रंथ साहिब पांच प्यारों एवं नगर कीर्तन का सुंदर ढंग से स्वागत सत्कार किया गया। पंज प्यारों के रूप में नवजोत सिंह सलूजा, कृपाल सिंह रंधावा, तजिंदर सिंह छाबड़ा, अर्शदीप सिंह तलूजा, तरणजीत सिंह, अरोरा ऋषि, निशान साहेब यशपाल सिंह अरोरा, जगजीत सिंह अरोरा आशुतोष, अमित सिंह फूलझर, जसदीप सिंह ने सेवाएं दी। इस दौरान सिख समाज के प्रमुखगण लालसिंह छाबड़ा, मंजीतसिंह सलूजा, सरिन्दर सिंह मन्नू, जसवंत सिंह सलूजा, गुरबख्श सिंह तलूजा, मुखविंदर सिंह, राजा रंधावा, भगतराम वधवा, भूपेंद्र सलूजा, सतपाल सिंह छाबड़ा, हरजिंदर सिंह,रंजीत सिंह, गिरधारी जसपाल वधवा, जनरैल सिंह, धर्मपाल सिंह, महिपाल सिंह, स्वर्ण सिंह, मनजीत सिंह, वारियाम सिंह, बबलू सलूजा, गोल्डी छाबड़ा, बंटी सलूजा, जितेंद्र सिंह दविन्दर होरा, इकबाल सिंह मनजीत छाबड़ा, सुरेंद्र सिंह, मनीष चिंटू वधवा, राजू त्रिलोचन तलूजा, तेजपाल सिंह, रणवीर सिंह, महेन्दर सिंह अरोरा, विकास वधवा, गुरदीप सिंह, चिंटू कालड़ा, मलकीत सिंह, पूरनसिंह एवं बसना, सांकरा, गढ़फुलझर, पिथौरा, सरायपाली, झलप, भंवरपुर सिख समाजजन एवं सैकड़ों महिलाओं के अलावा सर्व समाज के लोग इस कार्यक्रम में शामिल रहे।

## जेपीएल क्रिकेट स्पर्धा में शामिल हुए नपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जैन प्रीमियर लीग (जेपीएल) महासमुंद के अंतर्गत आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का रोमांचक नज़ारा मिनी स्टेडियम महासमुंद में देखने को मिला। नगर पालिका अध्यक्ष निखिल कांत साहू ने स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया एवं दर्शकों के साथ क्रिकेट का भरपूर आनंद लिया।

इस अवसर पर मंच पर पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, जैन समाज महासमुंद के अध्यक्ष राजेश लूनिया, भागचंद गोलछा, पारस चोपड़ा, कांति लाल कोचर, प्रकाश चंद गोलछा, बसंत लूनिया, सुशील बोथरा, खिलावन बघेल एवं निर्मल जैन की उपस्थिति रही।

पालिका अध्यक्ष साहू ने जैन प्रीमियर लीग के सफल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में आपसी भाईचारे एवं खेल भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं। उपस्थित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। आयोजन समिति से रितेश गोलछा, प्रशांत चोपडा मुकेश चौराड़िया, सुमीत जैन, सौरभ मालूम, तन्मय लूनिया, श्रेयांश कोटाड़िया ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया गया।

## विधायक ने सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राओं को वितरित की साइकिल



**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खट्टी में बुधवार को सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पहार से किया गया। उन्होंने कहा कि यह योजना छात्राओं की शिक्षा के लिए समर्पित है, जिन छात्राओं को अपने घर से स्कूल आने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, अब नहीं होता है। हमारी बेटियों की पढ़ाई में किसी प्रकार की कोई रुकावट न आए इसके लिए हमारी सरकार हमेशा प्रतिबद्ध है।

# बुद्धि और विवेक से चलती है जीवन रूपी शतरंज : करुणा

### महिला वर्ग में पिथौरा की संजीता व पुरुष वर्ग में भाटापारा के लक्ष्मीकांत बने चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में परिक्षेत्र स्तरीय (महिला-पुरुष) शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर कॉलेज महासमुंद में किया गया। उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि मेजबान महाविद्यालय की प्राचार्य करुणा दुबे थीं। अध्यक्षता सहायक प्राध्यापक अजय राजा ने की। विशेष अतिथि के रूप में मुकेश साहू मंचस्थ थे।

प्रतियोगिता के उदघाटन अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि की आसंदी से करुणा दुबे ने कहा कि जीवन की हर चाल में बुद्धि और विवेक की आवश्यकता होती है- ठीक शतरंज की तरह। जैसे शतरंज की बिसात पर एक-एक चाल सोच समझकर चलनी पड़ती है वैसे ही जीवन रूपी शतरंज बुद्धि और विवेक से चलती है। शतरंज हमें सिखाता है कि सफलता कभी भी जल्दबाजी या अविवेकपूर्ण कार्य से नहीं मिलती बल्कि सोच-समझकर लिए गए निर्णयों से मिलती है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के राज्य सचिव एवं प्रतियोगिता के निर्णायक हेमंत खुटे ने जानकारी देते हुए बताया कि बलौदाबाजार महासमुंद परिक्षेत्र से कुल 13 महाविद्यालयों से 57 खिलाड़ियों ने सेक्टर लेवल की इस चैंपियनशिप में सहभागिता की थी। प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय नियमानुसार पांच-पांच चक्रों में हुई। इसके चयनित खिलाड़ी 21 से 22 जनवरी को महंत कॉलेज रायपुर में आयोजित स्टेट चैंपियनशिप में भाग लेने की पात्रता रखेंगे।

प्रतियोगिता के चयनित खिलाड़ियों महिला वर्ग में प्रथम संजीता साहू पिथौरा (4.5 अंक), द्वितीय रोशनी साहू बलौदाबाजार (4.5 अंक), तृतीय लीलामृत पिथौरा (4 अंक), चतुर्थ गीता साहू भाटापारा (4 अंक), पंचम भूमिका वर्मा बलौदा (3 अंक), षष्ठ राजलक्ष्मी बलौदाबाजार (3 अंक)। पुरुष वर्ग में प्रथम लक्ष्मीकांत भाटापारा (5 अंक), द्वितीय सुरेंद्र साहू भाटापारा (4.5 अंक), तृतीय मनीष गुलाबवाणी भाटापारा (4.5अंक), चतुर्थ अमरदीप सरायपाली (4 अंक)। पंचम शिवम यदु कोहका (4 अंक), षष्ठ वैभव साहू भाटापारा (4 अंक)। प्रतियोगिता के समापन व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में बतौर अतिथि शिरकत किए दिलीप बढ़ई भूगोल विभागाध्यक्ष, डॉ रविंद्रनाथ मिश्रा, डॉ विकास साहा वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी ने विजेताओं को ट्रॉफी व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए क्रीड़ा अधिकारी पालन दीवान व प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक हेमंत खुटे को अतिथियों ने स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के आर्बिटर पैनल में रामकुमार विश्वकर्मा व चंदन विश्वकर्मा को शामिल किया गया था। कार्यक्रम का कुशल संचालन राजेश शर्मा द्वारा किया गया तथा उपस्थित जनों का आभार क्रीड़ा अधिकारी दिलीप लहरे ने माना।

## प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी बालोद में महासमुंद से 164 सदस्यीय दल शामिल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में 9 से 13 जनवरी तक ग्राम दुधली जिला बालोद छत्तीसगढ़ में प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी का आयोजन छत्तीसगढ़ स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ के नेतृत्व में होने जा रहा है। इस जंबूरी में महासमुंद जिला से 77 रोवर्स 68 रेंजर्स, 18 प्रभारी लीडर्स को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ के पदाधिकारीगण येतराम साहू जिलाध्यक्ष, जय पवार एवं सुधा साहू उपाध्यक्षद्वय, दाऊलाल चंद्राकर जिला सलाहकार, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट ने हरी झंडी दिखाकर प्रथम राष्ट्रीय जंबूरी दुधली के लिए रवाना किए। विकासखंड से प्रभारी शिक्षक-शिक्षिकाएं जिला प्रभारी लता वैष्णव रेंजर विंग, झनेश साहू स्काउट विंग जिला प्रभारी, सहायक प्रभारी के रूप में अजय कुमार तांडी, बेदराम रात्रे, महेश्वरी लाउत्रे, विजय कुमार सिन्हा, यशवंत कुमार चौधरी, चक्रधर प्रसाद डडसेना, पुष्पांजलि चौधरी, विलास बाघ, टेकलाल पटेल, ईश्वरी पोर्रे, बागेश्वरी घृतलहरे, रोहित शर्मा जिला की ओर से सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर जिला एवं ब्लाक पदाधिकारीगण दाऊलाल चंद्राकर, जय पवार, सुधा साहू, कौशलेंद्र वैष्णव, विजय कुमार लहरे, नंद किशोर सिन्हा, अंजलि बरमाल, कुबेर गिरी गोस्वामी, भारत साहू, प्रमोद कन्नौजे, लीनू चंद्राकर, तुलेंद्र सागर, राम कुमार साहू, कमल लूनिया, वोमन लाल ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## किसान हित में धान खरीदी केंद्र का किया मुआयना : अंकित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- किसान हित में भाजपा शासन को खरीदी मात्रा और समय बढ़ाना पड़ेगा, उठाव तत्काल हो

कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि उन्होंने धान खरीदी केंद्र घोटियापानी, कछारडीह और कसेकेरा का औचक निरीक्षण किया, जहां कुछ दिनों में धान खरीदने के लिए जगह नहीं बचेगी। अंकित ने बताया कि वहां जितने भी स्टेक हैं या जो भी धान खरीदी हो रही है उन सबमें मात्रा से 200 ग्राम धान ज्यादा किसानों से लिया जा रहा है। याने क्विंटल पीछे लगभग 500 ग्राम ज्यादा लिया जा रहा है। घोटियापानी समिति को कुल 64000 क्विंटल का लक्ष्य है, कछारडीह 82000 क्विंटल, कसेकेरा को लगभग 1 लाख क्विंटल। अब इसे हिसाबे तो कमाई का आंकड़ा समझ आ जायेगा और मॉइस्चर के नाम से जो कट्टे अतिरिक्त लिए जाते हैं वो अलग है।



अंकित ने बताया कि वर्तमान भाजपा सरकार को धान ना खरीदना पड़े उसके लिए लगातार षड्यंत्र हो रहा है, रकबा तो ऐसा काटा जा रहा है, जैसे किसान चोर है, लबालब भरे खरीदी केंद्र, जगह की कमी, टोकन कटाने की समस्या, बारदाने की समस्या बस समस्या ही समस्या से किसान त्रस्त होते जा रहे हैं। अंकित ने बताया कि घोटियापानी, कछारडीह, कसेकेरा की सबसे बड़ी समस्या उठाव का ना होना है। इसमें से कछारडीह को तो नई जगह में खरीदी शुरू करनी पड़ चुकी है, कसेकेरा समिति ने नई जगह बना ली है अर्थात नया स्टाफ़ और नए चौकीदार, घोटियापानी कुल क्षमता 7000 क्विंटल के ऊपर को बफर स्टॉक माना गया है। और वहां आज दिनांक तक 32 हजार क्विंटल खरीदी की गई है। कछारडीह 43000 क्विंटल और बफर लिमिट है 11000 क्विंटल, कसेकेरा में 53000 ओर बफर लिमिट है 14000 क्विंटल सभी को लगभग उतना ही खरीदना है और मात्र 18 दिन शेष है। जबकि, जितने किसानों से धान लिया है उतने से ही और लेना है जो कि 18 दिनों में बिना तत्काल लिमिट बढ़ाये संभव नहीं है, और जितना बारदाना वहां है उससे दोगुने की जरूरत है। घोटियापानी में कृषक शंकर चंद्राकर ने बताया कि मेरे कुल रकबे का 2 एकड़ काट दिया गया और आवेदन करने के बाद भी कोमाखान तहसील के चक्कर लगा लगा कर थक गया उनका रकबा नहीं सुधरा है। अंकित ने शासन से मांग की कि मात्र 18 दिन शेष है इसे बढ़ाया जाए, खरीदी की लिमिट बढ़ाया जाए, नए बारदाने उपलब्ध करवाए जाए और तत्काल खरीदी मात्रा और उठाव शुरू करना पड़ेगा अन्यथा वहां धान खरीदी रुक जाएगी।

## प्रश्न पेपर में राम नाम के अपमान की घटना निंदनीय, जिम्मेदारों पर हो सख्त कार्रवाई : रमेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



- शिक्षा विभाग के इस कृत्य से शासन की छबि धूमिल हुई, करेंगे कार्रवाई की मांग

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पिटियाझर सोसायटी के अध्यक्ष रमेश साहू ने कहा कि कल एक दुःखद वाकया सामने आई, जिसमें श्वान के नाम के चार विकल्पों में राम नाम का भी विकल्प दिया गया। यह एक दुःखद व निंदनीय कृत्य है। प्रशासन को इस तरह के कृत्य पर तत्काल सख्त से सख्त कार्रवाई किया जाना चाहिए। भगवान राम भारत की आत्मा है। उनके नाम का इस तरह से अपमान जनक उल्लेख किया जाना शिक्षा विभाग की घोर लापरवाही व गैर जिम्मेदाराना हरकत को दर्शाता है। शिक्षा विभाग के इस कृत्य से शासन की छबि धूमिल हुई है। इस कृत्य पर जिम्मेदारों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री से मिलकर किया जाएगा। साहू ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा इस गंभीर घटना को प्रकाशक / प्रिंटर की त्रुटि बताई जा रही है, जो सरासर अपनी गलती पर पर्दा डालने जैसा कृत्य है।

# बागबाहरा महाविद्यालय से दो खिलाड़ी विश्वविद्यालय टीम में चयनित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बागबाहरा

- 10 से रावेनशॉ विवि कटक में आयोजित होने वाले पूर्वी क्षेत्र अंतर विवि क्रिकेट में लेंगे हिस्सा

शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा के दो क्रिकेट खिलाड़ी सोहित तिवारी और सत्यम वैष्णव का चयन पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय टीम में हुआ है। यह महाविद्यालय इतिहास में पहली बार है जब महाविद्यालय का कोई क्रिकेट खिलाड़ी विश्वविद्यालय टीम में जगह बनाने में कामयाब हुआ है। ये दोनों खिलाड़ी 10 जनवरी से रावेनशॉ विश्वविद्यालय कटक (ओडिशा) में आयोजित होने वाले पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का प्रतिनिधत्व करेंगे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रश्मि मिंज ने कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थीयों को पढ़ाई के साथ साथ अन्य गतिविधियों में भी भाग लेते हुए आगे बढ़ना चाहिए। इससे ऊंचे स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ियों को एक अतिरिक्त कैरियर चुनने का मौका भी मिलता है। इस वर्ष महासमुंद महाविद्यालय के अनुरोध से सेक्टर स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के आधे मैच का आयोजन बागबाहरा में हुआ। डॉ. लक्ष्मण सिंह साहू प्रमुख ग्रंथपाल एवं गजानंद बुड़ेक सहायक प्राध्यापक वाणिज्य के विशेष सहयोग से मिनी स्टेडियम बागबाहरा और खिलाड़ियों के ठहरने के लिए टाउनहॉल का व्यवस्था करवाया गया था। इसी के कारण बागबाहरा के खिलाड़ियों को अपने होम ग्राउंड पर खेलने का मौका मिला, जिसमें दोनों खिलाड़ियों का प्रत्येक मैच में बहुत ही अच्छा प्रदर्शन रहा। राज्य स्तरीय में भी सोहित तिवारी ने दो मैच में 6 विकेट और ओपनर सत्यम वैष्णव ने एक मैच में 84 रन की पारी खेलते हुए दो मैच में कुल 106 रन बनाए। इसी प्रदर्शन के अनुसार ही इन दोनों खिलाड़ियों का चयन विश्वविद्यालय क्रिकेट टीम में हुआ है। इनकी उपलब्धियों पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने हर्ष जताया है।



## रबी के लिए कोडार बांध से छोड़ा पानी, गिरते भू-जल स्तर से चिंता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिला मुख्यालय से लगे गांवो के जीवनदायिनी माने जाने वाले कोडर बांध से खरीफ सीजन में लगातार 83 दिनों तक सिंचाई के लिए पानी छोड़े जाने के बाद, अब प्रशासन ने रबी फसलों के लिए भी नहरों में पानी खोल दिया है। हालांकि, एक तरफ जहां खेतों में हरियाली की उम्मीद जागी है, वहीं दूसरी तरफ जिले के गिरते भू-जल स्तर ने भविष्य के लिए खतरे की घंटी बजा दी है।

कोडर बांध में वर्तमान जल स्तर 25.20 फीट दर्ज किया गया है, जो आने वाले भीषण गर्मी के दिनों में जल संकट गहराने का संकेत दे रहा है। जिला प्रशासन और कृषि विभाग द्वारा पिछले काफी समय से किसानों को फसल चक्र परिवर्तन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को धान के बदले कम पानी वाली फसलों जैसे दलहन, तिलहन और मक्का की ओर मोड़ना है। लेकिन धरातल पर स्थिति इसके विपरीत नजर आ रही है। रबी के सीजन में भी अधिकांश क्षेत्रों में किसान धान की खेती को ही प्राथमिकता दे रहे हैं, जिसमें पानी की खपत अत्यधिक होती है। जागरूकता कार्यक्रमों के अभाव और वैकल्पिक फसलों के लिए ठोस बाजार व्यवस्था न होने के कारण किसान पुरानी पद्धति को छोड़ने को तैयार नहीं हैं।



### भू-जल स्तर में गिरावट भविष्य में सूखे के आसार

विशेषज्ञों का मानना है कि रबी में धान की फसल के लिए अत्यधिक सिंचाई आने वाले महीनों में भारी पड़ सकती है। जिले का भू-जल स्तर साल-दर-साल नीचे गिरता जा रहा है। नलकूपों के माध्यम से सिंचाई के लिए जमीन से अंधाधुंध पानी निकाला जा रहा है। यदि वर्तमान में उपलब्ध पानी का सही प्रबंधन नहीं किया गया, तो मार्च और अप्रैल के महीनों में पीने के पानी (पेयजल) की भारी किल्लत हो सकती है।

### कोडर बांध की वर्तमान स्थिति

कोडर बांध की कुल क्षमता के मुकाबले वर्तमान में पानी का स्तर 25.20 फीट है। खरीफ सीजन में 83 दिनों तक पानी की आपूर्ति के बाद बांध का भंडार कम हुआ है। अब रबी के लिए पानी छोड़े जाने से बांध का जल स्तर और तेजी से नीचे आएगा। यदि इस साल गर्मी समय से पहले शुरू हुई या तापमान में अधिक वृद्धि हुई, तो बांध का पानी तेजी से वाष्पीकृत होगा, जिससे निस्तारी और मवेशियों के लिए भी पानी की कमी हो सकती है।

**खबर संक्षेप**

## मुर्गा खिलाने से मना करने पर प्रधान पाठक से की मारपीट

**महासमुंद।** मुर्गा खिलाने से मना करने पर स्कूल में घुसकर एक व्यक्ति द्वारा प्रधान पाठक से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में बसना थाने में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। घटना ग्राम धुमाभांठा की है। घटना को लेकर प्राथमिक शाला धुमाभांठा के प्रधान पाठक नीरज कुमार दास पिता स्व सुदर्शन दास ने पुलिस को बताया कि 7 जनवरी को लगभग 12 बजे वह विद्यालय में परीक्षा ड्यूटी के दौरान स्कूल के बरामदे में था। उसी समय गांव का अशोक भैना आया और विद्यालय में पार्टी करने मांस मुर्गा खिलाने कहा, जब उसने मना किया तब गाली गलौज करते हुए हाथ से मेरे गाल पर मारा एवं कालर पकड़कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोपी के विरूद्ध धारा 121, 221, 132, 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

## अंबेडकर चौक से रेलवे फाटक तक सड़क मरम्मत

**महासमुंद।** लोक निर्माण विभाग द्वारा डॉ अंबेडकर चौक से रेलवे क्रॉसिंग तक सड़क मरम्मत किया गया। तीन माह पहले लोक निर्माण विभाग को अवगत कराया गया था कि सड़क में गड्ढे हो गए हैं, जिसे तत्काल ठीक कराया जाए। बरसात खत्म होने के बाद मरम्मत करने की बात की गई थी। गड्ढों में डामर भरकर सड़क का मरम्मत किया गया। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने अभियंता से चर्चा करते हुए कहा कि अंबेडकर चौक से एकता चौक तक रोड का डामरीकरण पूरा कराए जाए। इस पर उन्होंने कहा कि मरम्मत के बाद पूरे रोड का डामरीकरण होगा। वर्तमान में अभी गड्ढे भर गए। जिससे लोगों को आवगमन में राहत मिलेगी।

# अगर भक्ति करनी है तो भक्त प्रहलाद की तरह करोः पं. शिवकुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम मोहरेंगा में ग्रामीणों के सहयोग से इन दिनों संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ जारी है। कथा के चौथे दिन कथावाचक पं. शिवकुमार त्रिपाठी ने भरत जड़, भक्त प्रहलाद चरित्र और भगवान नृसिंह की कथा विस्तार से बताया तो भक्त भावविभोर हो उठे। कथा दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक जारी रहती है। भक्त प्रहलाद चरित्र की प्रसंग सुनाते हुए भगवताचार्य ने कहा कि भक्त पर संकट आने पर भगवान भक्त की रक्षा करने के लिए दौड़े चले आते हैं। भक्त के प्रति भगवान का स्नेह अपार होता है और भक्त पर ईश्वर की कृपा सदैव बनी रहती है। उन्होंने कहा कि जब भक्त प्रहलाद पर पिता हिरण्यकश्यप द्वारा प्रताड़ित किया गया तो आखिर में भक्त की रक्षा के लिए भगवान ने खंभे से नृसिंह भगवान का अवतार लिया और धरती पर हिरण्यकश्यप के बढ़ते पाप, अत्याचार को मिटाने के लिए हिरण्यकश्यप का वध किया। प्रहलाद मां के गर्भ में ही भक्ति के संस्कार ग्रहण कर लिए थे। नारद जैसे परम भागवत का सान्निध्य मिलने पर दैत्यकुल में जन्म लेते हुए भी प्रहलाद बचपन से ही भक्त हो गए। प्रहलाद को भक्त बनता देख पिता हिरण्यकश्यप ने पुत्र को दैत्यगुरु शुक्राचार्य के आश्रम में भेजा। हिरण्यकश्यप ने भक्त प्रहलाद को बड़ी-बड़ी यातनाएं दी।

### भक्त प्रहलाद चरित्र और भगवान नृसिंह की कथा से भावविभोर हुए श्रद्धालु



#### आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रोता

उन्होंने कहा कि भगवान की अगर भक्ति करनी है, तो भक्त प्रहलाद की तरह करो जो असुरों के साथ रहकर भी भगवान को नहीं भूला और उसकी निष्पक्ष भक्ति भगवान को अवतार लेने पर विवश कर गई। प्रवचनकार ने आगे भगवान नृसिंह का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि पूर्व काल में दैत्य राज पुत्र महाबली हिरण्यकश्यप ने ब्रह्मा जी के वर से गर्व युक्त होकर संपूर्ण त्रिलोकी को अपने वश में कर लिया। भक्त प्रहलाद एक दिन अपने गुरु के साथ पिता के पास गए, उस समय पिता मद्यपान कर रहे थे। तब अपने चरणों में झुके हुए अपने पुत्र प्रहलाद को गोद में उठाया। प्रहलाद ने अपने पिता से हरि का नाम लेने को कहा तो दैत्य राज ने उसे गोद से उठाकर दूर फेंक दिया, उसे मारने के अनेक प्रयास किए। एक दिन भक्त प्रहलाद अपने सहपाठियों के साथ हरि का नाम ले रहा था। उसकी आवाज दैत्यराज के कानों में पहुंची तब दैत्यराज ने आकर कहा कि तेरा हरि कहां है तो प्रहलाद ने कहा कि मेरा हरि तो कण-कण में विद्यमान है। दैत्यराज ने कहा कि इस पत्थर नुमा खंभे में हरि कहां हैं, तभी भगवान प्रहलाद की लाज रखने के लिए उस खंभे में से निकल कर भगवान ने नरसिंह अवतार लिया और दैत्यराज का वध कर दिया। वहीं कथा के बीच-बीच में प्रस्तुत एक से बढ़कर एक भजनों को सुन श्रद्धालु झूम उठे। कथा के परायणकर्ता पंडित चिन्मय धमतरी वाले ने बताया कि 4 से 12 जनवरी तक आयोजित हो रहे भागवत कथा का रसपान करने गांव सहित आसपास गांव से भी बड़ी संख्या में रसिक श्रोतागण पहुंच रहे हैं।

**प्राण-प्रतिष्ठा : गाजे-बाजे के साथ हुआ नगर भ्रमण**

# अष्टधातु की प्रतिमाओं के आगमन से जैन समाज में प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



नगर के नव-निर्मित दिगंबर जैन मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी कड़ी में पंचकल्याणक महोत्सव के अंतर्गत भगवान आदिनाथ, शांतिनाथ एवं निमीनाथ की भव्य अष्टधातु निर्मित प्रतिमाएं नगर में पहुंचीं। इन प्रतिमाओं के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया।

जयपुर से विशेष रूप से मंगवाई गई इन प्रतिमाओं को पूरे विधि-विधान और गाजे-बाजे के साथ नगर में लाया गया। जैन समाज के अध्यक्ष संजय जैन पाटनी, महिला मंडल सचिव डिंपल जैन पाटनी तथा उपाध्यक्ष पीयूष जैन एवं प्रकाश जैन पाटनी परिवार को इन प्रतिमाओं को अपने निज निवास पर विराजित करने का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ। नगर भ्रमण के दौरान धर्मप्रेमियों ने जगह-जगह भगवान श्री का स्वागत और वंदन किया।

प्रतिमाओं के जनदर्शनार्थ स्थापित होने के बाद रात्रि में संगीतमय भजन संध्या का आयोजन किया गया। सुमधुर वाद्य यंत्रों और भक्ति गीतों के माध्यम से भजन मंडली ने समां बांध दिया। श्रद्धालुओं ने जिनेंद्र देव की नित्य आराधना की और देर रात तक भक्ति रस का आनंद लिया।

इस धार्मिक अनुष्ठान में जैन समाज के साथ-साथ नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इंद्रकुमार जैन, मनोरमा जैन, पदम-बीना जैन, दिनेश-ममता जैन, संदीप-ज्योति जैन, प्रमोद-अन्नी जैन, आशुतोष-जूही जैन, शोभा जैन, रमेश-शांति जैन, महेन्द्र-मीना जैन, अनुराग-दीप्ति जैन, शैलेश-सारिका जैन, मनोज, तारा, लक्की जैन सहित संपूर्ण जैन समाज सपरिवार उपस्थित रहा। गणमान्य अतिथि में श्याम शुक्ला एवं श्याम सुंदर केसरवानी ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर दर्शन लाभ लिया।

# नपा अध्यक्ष ने उचित मूल्य की दुकान का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्थानीय पंचशील नगर में गुरु घासीदास महिला स्व सहायता समूह द्वारा उचित मूल्य की दुकान का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ रजत जयंती चावल उत्सव का आयोजन भी किया गया। विदित हो कि

वार्ड के नागरिकों को सुविधा के दृष्टिकोण से उक्त उचित मूल्य की दुकान शुरू की गई है।

■ गुरु घासीदास महिला स्व-सहायता समूह करेगी संचालन

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि मुख्य दुकानों में अत्यधिक भीड़ होने के कारण वार्ड की जनता को लाइन लगाकर चावल एवं खाद्यान्न सामग्री लेना पड़ता है। ऐसे में छत्तीसगढ़ शासन की योजना के अनुरूप वार्ड में उचित मूल्य की दुकान प्रारंभ होने से जन सामान्य को आसानी से खाद्यान्न का आबंटन प्राप्त होगा। यह शासन द्वारा जन सामान्य को सुविधा देने के लिए सार्थक प्रयास है, जिसका लाभ वार्ड की जनता को मिलेगा।

वार्ड क्रमांक 1, 2 एवं 3 के नागरिकों के लिए संचालित उचित मूल्य की दुकान का लाभ वार्ड वासियों को प्राप्त होगा। खाद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के देखरेख में महिला स्व- सहायता समूह द्वारा दुकान का संचालन किया जाएगा। दुकान शुभारंभ के अवसर पर वार्ड के भूपेंद्र मनहरे, अजय गर्ग, महिला स्व-सहायता समूह की रोहिणी कुर्रे, सपना शायर, उर्मिला जांगड़े, पूर्णिमा घृतलहरे, मंजू मनहरे, लक्ष्मी गेंडरे, सुख बाई नौरंगे, चंद्रिका बंजारे, गुड्डी गेंडरे सहित वार्ड की अन्य महिलाएं एवं नागरिक उपस्थित थे।

# उप मुख्यमंत्री साव पर बघेल की टिप्पणी व्यक्तिगत, यह समाज का अपमान नहीं : संजय साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर



साहू समाज रायपुर संभाग के पूर्व उपाध्यक्ष व तहसील साहू संघ भटगांव सरसीवा के पूर्व उपाध्यक्ष एवं वर्तमान में साहू समाज के परिक्षेत्र अध्यक्ष संजय साहू ने बताया की छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा उप मुख्यमंत्री अरुण साव पर की गई टिप्पणी विशुद्ध रूप से व्यक्तिगत एवं राजनीतिक टिप्पणी थी। इसमें साहू समाज का कोई अपमान नहीं हुआ है। यह टिप्पणी एक व्यक्ति विशेष की कार्यशैली पर केंद्रित व्यंग्य मात्र थी, न की पूरे साहू समाज का अपमान। राजनीति में विपक्षी नेताओं पर कहानियां एवं किस्सों के माध्यम से ऐसी तीखा टिप्पणी सदियों से होती आ रही है। संजय साहू ने आगे कहा कि मैं समाज में विभिन्न पदों पर वर्षों से सेवा देते आ रहा हूं, वर्तमान में परिक्षेत्र अध्यक्ष हूं और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अरुण साव पर किए गए टिप्पणी को समाज का अपमान नहीं समझता हूं।

# मोर गांव की पावन माटी संगठन ने शोकाकुल परिवारों को सौंपी आर्थिक सहायता





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

दुख की घड़ी में जब कोई अपना साथ छोड़ जाता है, तब समाज का संबल ही परिवार को हिम्मत देता है। इसी सेवा भावना को चरितार्थ करते हुए ग्राम हरिनभट्ठा के युवा संगठन मोर गांव की पावन माटी और ग्रामीणों ने मिलकर एक सराहनीय पहल की है। संगठन द्वारा गांव के दिवंगत व्यक्तियों के परिवारों को आर्थिक अंशदान भेंट कर सामाजिक एकजुटता का परिचय दिया गया।

विगत कुछ समय में ग्राम हरिनभट्ठा के निवासी स्व. जागेंद्र कमल, स्व. नरोत्तम पटेल एवं स्व. पूरन कुमार पटेल का निधन हो गया था। परिवार पर आए इस वज्रपात के समय उन्हें संबल प्रदान करने के लिए युवा संगठन के सदस्यों और ग्रामीणों ने अपनी स्वेच्छा और सामर्थ्य अनुसार राशि एकत्रित की।

इन तीनों परिवारों के दसगात्र कार्यक्रम के अवसर पर संगठन के सदस्यों ने भेंट कर आर्थिक सहायता राशि सौंपी। ग्रामीणों का मानना है कि इस तरह का अंशदान न केवल आर्थिक मदद है, बल्कि पीड़ित परिवार को यह अहसास कराना है कि पूरा गांव उनके दुख में साथ खड़ा है।

युवा संगठन द्वारा पिछले कुछ वर्षों से चलाई जा रही इस मुहिम की आसपास के क्षेत्रों में काफी प्रशंसा हो रही है। संगठन के सदस्यों का कहना है कि ऐसी पहल हर ग्रामीण स्तर पर होनी चाहिए ताकि एकता और संगठन बना रहे। यह व्यवस्था सुख-दुख में बल प्रदान करती है और जरूरतमंद परिवारों को हिम्मत देती है। भविष्य में भी इसी तरह जरूरतमंद परिवारों की मदद जारी रहेगी। इस दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने मृतात्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोकाकुल परिवारों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर लेख सेन, सोमनाथ साहू, हेमन्त कन्नौजे, नंदकुमार साहू, जितेन्द्र साहू, प्रेमनारायण कंवर, टिकेश्वर कनौजे, चंद्रहास दीवान, महेंद्र दास, भीष्म देव सोनवानी, उत्तम पटेल, सुमन्त कन्नौजे, खेमराज दीवान, बबलू कमल, रमेश कनौजे, रूपेंद्र साहू, गजेन्द्र फेकर, राकेश सेन, नीलकंठ दीवान, किसन लाल कंवर और शिव पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# 800 पौधों के साथ भारत माता सेवा ट्रस्ट ने पेश की मिसाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पर्यावरण सुरक्षा और वृक्षो देवो भव की परिकल्पना को साकार करते हुए ग्राम अर्जुनी में एक अनूठा उदाहरण पेश किया गया है। भारत माता सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में युवाओं ने नवातालाब के पास 800 से अधिक फलदार पौधों का रोपण कर उन्हें सुरक्षित करने का बीड़ा उठाया है। इस पुनीत कार्य की सराहना करने और स्वयं वृक्षारोपण करने प्रांत संघचालक डॉ. टोपलाल वर्मा सहित कई गणमान्य अतिथि अर्जुनी पहुंचे। ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर के मार्गदर्शन में पौधों की सुरक्षा के लिए न केवल तार फेंसिंग की गई है, बल्कि सिंचाई के लिए मोटर पंप और पाइपलाइन का स्थायी इंतजाम भी किया गया है।

पेड़ों को निरंतर पानी मिलता रहे, इसके लिए मटका पद्धति (मटके में छेद कर जड़ के पास रखना) अपनाई गई है। इससे पानी की बचत होती है और पौधों को दो-तीन दिनों तक नमी मिलती रहती है। अतिथियों ने इस अनुकरणीय पहल की जमकर प्रशंसा की।

आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में, पंच परिवर्तनों में शामिल पर्यावरण संरक्षण को धरातल पर उतारने के संकल्प के साथ इस स्थान को उद्यान का स्वरूप दिया गया है। प्रांत संघचालक डॉ. टोपलाल वर्मा ने कार्यकर्ताओं की सहमति से इस प्रकल्प का नाम संघ शताब्दी वर्ष उद्यान घोषित किया। उन्होंने कहा कि यह प्रयास न केवल प्रदेश बल्कि देश के लिए एक उदाहरण बनेगा। वृक्षारोपण स्थल पर मुख्य रूप से बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा और संत शिरोमणि देवकर साहेब उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि फलदार पौधों के रोपण से न केवल वातावरण शुद्ध होगा, बल्कि भविष्य में फलों के लिए बाजार पर निर्भरता भी कम होगी।

## पेज 9 के शेष

### लवन के छात्र...

जवानों के हाथ के संकेतों, चालकों के संकेतों के बारे में बताया गया। जिले में हुई सड़क दुर्घटनाओं के विश्लेषण के आधार पर दुर्घटना के प्रमुख कारणों की जानकारी देकर उसके निदान के उपाय भी बताये गये। थाना प्रभारी प्रमोद सिंग ने कहा कि वाहन चलाने के दौरान मोबाइल फोन उपयोग नहीं करने, बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन नहीं चलाने, वाहन में स्पष्ट नंबर अंकित कराने को समझाया गया।

साथ ही वाहन में आवश्यक दस्तावेज जैसे चालक लाइसेंस, बीमा,आरसी बुक, प्रदूषण प्रमाणपत्र, परमिट आदि की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई। टी आई ने बताया कि वाहन चलाने के दौरान बरती जाने वाली लापरवाही जैसे नशा कर वाहन चलाना, तेज रफ्तार, ओवरलोड, असुरक्षित ओवरटेक, थकान में वाहन चालन, नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने, बगैर इंडिकेटर वाहन को दाहिने बाएं मोड़ने से होने वाली क्षति के बारे में जानकारी दी गयी। ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के नियम भी बताये गये।

### अन्तर्राज्यीय सीएम ...

मंडल अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष सुमित सेन, पार्षदगण राहुल मरकाम, शेखर देवांगन, अम्बीका बंछोर सहित नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नगर के गौरव मिस्टर रायपुर का खिताब जीतने वाले शिनु देवांगन को विधायक अनुज शर्मा ने 10 हजार का नगद पुरस्कार प्रदान कर उज्जवल भविष्य का भाव प्रगट करते हुए इन्दौर में आयोजित होने वाले मिस्टर इंडिया प्रतियोगिता के लिये शीनु देवांगन को हर संभव मदद का आश्वासन दिये। जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजक टीम को बधाई देते हुए इस शानदार प्रतियोगिता के लिए अपनी शुभकामनायें दी।

### बिजली कटौती के...

नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष शेख सलमान, पार्षद सुरेश घृतलहरे, वार्ड 11 के पार्षद शेखर गुप्ता, वार्ड 13 के पार्षद सहित पार्षद प्रतिनिधिगण सुभाष राव, रविन्द्र नामदेव, मनीष वर्मा, पूर्व पार्षद धर्मेंद्र वर्मा, पंकज बंजारे तथा ईश्वर कुर्रे, जित्तू, नासिर खान, शेख साबिर, सोहेल खान और सुनील चंद्राकर उपस्थित थे।

**प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया**

# नहरडीह में कलश यात्रा के साथ मनाई गई राजिम भक्तिन माता जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा





ग्राम पंचायत नहरडीह में इस वर्ष भी मड़ई मेला एवं राजिम भक्तिन माता जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। राजिम भक्तिन माता जयंती पर कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। मड़ई कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ साथ गणमान्य नागरिक भी उपस्थित हुए। आयोजन के मुख्य अतिथि विधायक धरसींवा पद्म अनुज शर्मा, विशिष्ट अतिथियों के रूप में नवीन अग्रवाल अध्यक्ष, जिला पंचायत रायपुर, टिकेश्वर, मनहरे अध्यक्ष, जनपद पंचायत तिल्दा, स्वाति वर्मा सदस्य, जिला पंचायत रायपुर, नगर पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल सोनी, उपाध्यक्ष सुमित सेन, सुरेंद्र वर्मा, नरेंद्र ठाकुर, रश्मि वर्मा पार्षद, मनीषा कोसले पार्षद की गरिमामयी उपस्थिति रही। रात्रि कालीन कार्यक्रम के पहले ग्राम साहू समाज नहरडीह द्वारा ग्राम स्तर पर प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिसमें चंद्रकला साहू बारहवीं में 83.6% के साथ प्रथम स्थान, सुनील कुमार साहू, बारहवी में 79.6% द्वितीय स्थान, छाया साहू दसवीं में 88.33% प्रथम स्थान, लालिमा साहू दसवी में 81.83% द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हेमन्त साहू भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा जनवरी 2025 में आयोजित इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण किया, शिवानी साहू सत्र 2024-25 में छत्तीसगढ़ राज्य के शीर्ष पुरस्कार राज्यपाल गाइड प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण किया। रात्रि कालीन कार्यक्रम सुरता के डोरी डांस निपानी बालोद का आनंद लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता एवं लोक संस्कृति को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता ग्राम पंचायत नहरडीह, ग्राम विकास समिति नहरडीह एवं ग्राम साहू समाज नहरडीह थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सरपंच अनिल कुमार सायतोड़े, उपसरपंच, पंचगण एवं समस्त ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा है।

**कार्यालय रा.नि.मं. बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार, जिला बलौदाबाजार (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 07/01/2026

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सहदेव चक्रधारी पिता/पति जमुनालाल चक्रधारी निवासी सोनपुरी द्वारा आवेदित ग्राम सोनपुरी प.ह.नं. 21 राजस्व निरीक्षक मण्डल-लटुवा स्थित भूमि खसरा नंबर 34/3 रकबा क्रमशः 0.785 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार बलौदाबाजार आदेश दिनांक 16/12/2025 के परिपालन में दिनांक 28/01/2026 को समय अपरान्ह 12.00 PM बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नंबर 21 के बलौदाबाजार स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैद्य अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके उपरान्त किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. बलौदाबाजार**

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
09 जनवरी 2026
SHOW TIME
द राजा साब
शो समय - 12:00, 3:00, 6:30, 9:00 PM
धुरंधर
शो समय - 03:30 PM
धनेश के आराधना (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# भागवत कथा के श्रवण से अज्ञान और अहंकार का होता है नाश

## भजन-कीर्तन से भक्तिमय हुआ वातावरण, मोहरा में भागवत कथा जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| हिरमी-रावन

ग्राम मोहरा के लक्ष्मी चौक में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के दौरान क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है। व्यासपीठ से कथा वाचक पंडित अशोक मिश्रा ने श्रीमद्भागवत महापुराण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य के भीतर छिपे अज्ञान, अहंकार और विकारों का नाश होता है तथा ज्ञान, भक्ति और वैराग्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि भागवत कथा मानव जीवन को सही मार्ग पर ले जाने वाली अमूल्य धरोहर है। कथा के दौरान पंडित अशोक मिश्रा ने समुद्र मंथन की कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि देवताओं और असुरों द्वारा किए गए समुद्र मंथन से चौदह रत्नों की प्राप्ति हुई, जिनमें अमृत कलश प्रमुख था। इस कथा के माध्यम से उन्होंने समझाया कि जीवन में धैर्य, परिश्रम और संयम से ही सफलता रूपी अमृत की प्राप्ति संभव है। समुद्र मंथन से निकले विष की तरह जीवन में आने वाली कठिनाइयों का सामना साहस के साथ करना चाहिए। इसके पश्चात कथा वाचन में वामन अवतार की प्रेरक कथा का वर्णन किया गया। पं. मिश्रा ने बताया कि भगवान विष्णु ने वामन अवतार धारण कर राजा बलि के अहंकार का नाश किया और तीन पग में संपूर्ण सृष्टि को नाप लिया।



### अहंकारयुक्त किया गया दान फलदायी नहीं होता

इस प्रसंग के माध्यम से उन्होंने यह संदेश दिया कि दान सदैव विनम्रता और निष्काम भाव से करना चाहिए। अहंकार से किया गया दान फलदायी नहीं होता, जबकि सच्चे मन से किया गया दान लोक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। ग्राम मोहरा के लक्ष्मी चौक में आयोजित भागवत कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा श्रवण कर रहे हैं। महिला, पुरुष, वृद्ध एवं युवा श्रद्धालु भक्ति भाव से कथा का रसपान कर रहे हैं। भजन-कीर्तन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उत्तम व्यवस्थाएं की गई हैं। श्रीमद्भागवत कथा के आगामी दिनों में श्रीकृष्ण लीलाओं सहित अन्य महत्वपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा।

## राजस्व प्रकरणों का निराकरण संवेदनशीलता और समयबद्धता के साथ हो

# बलौदाबाजार प्रशासन के निर्देश : राजस्व प्रकरणों का समय पर हो निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने गुरुवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने एजेंडावार विस्तृत समीक्षा करते हुए नियमित कोर्ट लेने, ई -डिसट्रिक्ट, स्वामित्व योजना एवं भू -अर्जन के प्रकरणों में प्रगति लाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर सोनी ने कहा कि राजस्व विभाग जिला प्रशासन की रीढ़ है और रीढ़ का मजबूत होना जरुरी है। राजस्व प्रकरण में परिवार के लोग जुड़े होते हैं इसलिये संवेदनशीलता एवं समयबद्ध ढंग से निराकरण सुनिश्चित करें और लोगों को राहत दें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि मैदानी अमलों सहित किसी भी स्तर पर लापरवाही व अनैतिक कार्य बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रीडर न्यायालयीन प्रक्रियाओं का कड़ाई से अनुपालन करें। उन्होंने भू -अर्जन के मामले में भू -अर्जन के पश्चात सम्बंधितों को मुआवाजा राशि का वितरण कैम्प लगाकर समय पर करने तथा शीघ्र रिकार्ड दुरुस्त करने के निर्देश दिये। शासकीय एवं निजी जमीन पर अवैध अतिक्रमण की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदारों को निर्देशित किया कि शासकीय भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने पटवारियों से प्रतिवेदन लें तथा निजी भूमि के सम्बन्ध में आवेदन लेकर सख़्ती से कार्रवाई करें।

कलेक्टर ने वन ग्राम से राजस्व ग्राम की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि तहसील कसडोल एवं सोनाखान अंतर्गत आने वाले ग्रामों में सभी आवश्यक कार्यवाही तेजी से करें। अब तक 25 गावों का द्वितीय सर्वेक्षण कार्य पूर्ण हो गया है। अंतिम प्रकाशन पश्चात भुईयां सॉफ्टवेयर में अपलोड कराएं। स्वामित्व योजना अंतर्गत आगामी 26 जनवरी को 10 हजार अधिकार अभिलेख तैयार करने के निर्देश दिये।

### कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक




### बैठक में आधार अपडेशन की समीक्षा हुई

बैठक में अविवादित एवं विवादित नामांतरण, बंटवारा, खाता विभाजन, 1 से 5 वर्ष तक लंबित राजस्व प्रकरण, राजस्व वसूली, अभिलेख शुद्धता, त्रुटि सुधार, दीन दयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना, आधार अपडेशन आदि की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर दीप्ति गोते, अवध राम टंडन, निशा नेताम मड़ावी सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं रीडर उपस्थित थे।

# कुर्मी क्षत्रिय समाज प्रतिनिधिमंडल ने कैबिनेट मंत्री टंकराम से की भेंट



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा से रायपुर स्थित उनके निवास पर छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज, बलौदाबाजार राज के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। यह भेंट समाज की राजप्रधान सुनीता वर्मा के नेतृत्व में की गई, जिसमें ग्राम इकाई रिसदा के समाज प्रमुख एवं पदाधिकारी शामिल थे।

प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से उप राजप्रधान जितेन्द्र धुरंधर, ग्राम प्रमुख कैलाश वर्मा, उपसरपंच पवन वर्मा सहित दानेश्वर वर्मा, डी.पी. वर्मा, सौरभ वर्मा, संजय वर्मा, सागर वर्मा, टी.आर. वर्मा, संतोष वर्मा, बुद्धेश्वर वर्मा, मनी राम वर्मा एवं रामनारायण धुरंधर उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाज के विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई तथा मंत्री वर्मा ने समाज के प्रतिनिधियों से संवाद कर उनके सुझावों को सुना। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री वर्मा का आत्मीय स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### कक्षा चौथी की अर्धवार्षिक परीक्षा में प्रश्न के विकल्प को लेकर स्पष्टीकरण

**महासमुंद**। जिले में आयोजित कक्षा चौथी की अर्धवार्षिक परीक्षा के अंग्रेजी विषय के एक प्रश्न के संभावित उत्तरों के चार विकल्पों में से एक विकल्प को लेकर उत्पन्न स्थिति पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने स्थिति स्पष्ट किया है। डीईओ लहरे ने बताया कि संबंधित प्रश्न का चयन कर उसे प्रिंट के लिए भेजा गया था, किंतु वह प्रश्न पत्र प्रकाशित न होकर दूसरा प्रश्न पत्र का प्रकाशन हुआ। प्रश्न पत्र की गोपनीयता के कारण उसे परीक्षा केंद्र में ही खोला गया। जैसे ही संबंधित विकल्प के संबंध में जानकारी संज्ञान में आया, तत्काल उस विकल्प को हटाकर नया विकल्प दिया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में संबंधित वेंडर को पत्र लिखकर प्रकाशित पांडुलिपि प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं तथा यह भी जानकारी मांगी गई है कि प्रश्न पत्र कैसे बदल गया। डीईओ लहरे ने स्पष्ट किया कि विभाग की मंशा किसी भी प्रकार से किसी की धार्मिक भावनाओं को आहत करने की नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि इस कारण किसी की धार्मिक भावना को ठेस पहुंची है, तो वे जिला शिक्षा अधिकारी होने के नाते विनम्रतापूर्वक खेद प्रकट करते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि भविष्य में इस प्रकार की त्रुटि की पुनरावृत्ति न हो,प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा।

### दो दिवसीय सत्संग 10 से

**महासमुंद**। स्थानीय अंजोरी भवन, शास्त्री चौक के पास 10-11 जनवरी को दो दिवसीय भव्य सत्संग समारोह का आयोजन किया गया है। इस आध्यात्मिक आयोजन में सूरत (गुजरात) स्थित कबीर आश्रम से विवेक साहेब अपनी संत मंडली के साथ प्रवचन देने पहुंचेंगे। वहीं मुरा, धमतरी से साध्वी सुमन साहेब भी अपनी मंडली सहित सहभागिता करेंगी। सत्संग कार्यक्रम प्रतिदिन प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक एवं सायं 3 से 5 बजे तक आयोजित होगा। आयोजकों ने अधिकतम श्रद्धालुओं से सहभागिता की अपील की है। उक्त जानकारी रुद्रकुमार व मुकुंद साहू ने दी है।

## निधन

### लालाराम पाल



**खरोरा**। ग्राम कुथरेल (सिलयारी) निवासी वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षक लालाराम पाल 83 का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को गृहग्राम कुथरेल में किया गया। अंतेष्टि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शोक संतप्त परिवार जन व आसपास गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे ललित पाल, संतोष पाल के पिता व माधो पाल, उधोपाल व बेनीराम पाल के भाई थे।

# यातायात जागरूकता के लिए निकाली पैदल रैली



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 कार्यक्रम के तहत गुरुवार को सिमगा नगर में यातायात जागरूकता पैदल रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा गया कि, यातायात नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता लाने हेतु यह अभियान लगातार जिले में चलाया जा रहा है। हेलमेट लगा कर दोपहिया वाहन चलाने, सीट बेल्ट लगाने एवं अन्य सभी यातायात नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटना की स्थिति को निःसंकोच टाला जा सकता है, इसलिए आप अपनी एवं सड़क मार्ग में चलने वाले अन्य वाहन चालकों की सुरक्षा हेतु यातायात नियमों का सदैव पालन करें।

कार्यक्रम में सुगम एवं सुरक्षित परिवहन के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन करने हेतु शपथ भी दिलायी गयी।

- सुगम एवं सुरक्षित परिवहन, यातायात नियमों का पालन करने की दिलायी गई शपथ

जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों का पालन करने के लिए अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करना है। पुलिस टीम द्वारा जागरूकता पैदल रैली का आयोजन कर सिमगा नगर में प्रमुख मार्ग एवं चौक चौराहों का भ्रमण किया गया एवं लोगों से यातायात नियमों का सदैव पालन करने की अपील की गई। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस की अपील सुरक्षित एवं सुगम परिवहन के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन आवश्यक है, इससे आमजनों द्वारा अनुशासित होकर वाहन चालन किया जाएगा।

# 81 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित, नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार





कृषि उपज मंडी में गुरुवार को समाज कल्याण विभाग के माध्यम से मां रिहेब आसरा एलिम्को द्वारा पूर्व में चिन्हांकित 81 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन उपस्थित थे। जिला पंचायत अध्यक्ष ने उपस्थिति को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने कहा कि शासन द्वारा दिव्यांगजनों के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। इनमें एक महत्वपूर्ण योजना सहायक उपकरण भी है। उन्होंने कहा कि सहायक उपकरण से आपको दैनिक कार्य करने और बाहर आने-जाने तथा आपके व्यवसाय में आवश्यक रूप से सहयोग मिलेगा। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण मिलने पर बधाई दी एवं सभी को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव तया सड़क नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

# धोबी समाज का वार्षिक अधिवेशन आज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अर्जुनी

इस वर्ष भी झेरिया धोबी समाज जारा परिक्षेत्र का वार्षिक अधिवेशन भालूकोना मंदिर परिसर मुसुवाडीह में 9 जनवरी को सुबह 11 से रखा गया है। वार्षिक अधिवेशन के मुख्य अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू होंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जारा परिक्षेत्र अध्यक्ष नीलमणि चौधरी ने बताया कि वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम की पूरी तैयारी कर ली गई है और कार्यक्रम को सफल बनाने सामाजिक लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष श्रीराम रजक, प्रदेश संरक्षक झड़ीराम कन्नौजे, तुमगांव नगर पंचायत उपाध्यक्ष सावित्री उत्तम निर्मलकर, जनपद सदस्य अनीता प्रवीण, धुरंधर रजककार विकास बोर्ड के पूर्व एवं प्रथम अध्यक्ष लोकेश कन्नौजे, आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी कमलेश रजक, जनपद सभापति अश्वनी रजक, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष निर्मला रजक, लवन राज अध्यक्ष पन्नालाल रजक, कांग्रेस नेता युवराज चंद्राकर, महामंत्री विशेसर वर्मा, जनपद सदस्य वीरेंद्र, महेश्वरी, भोथाडीह सरपंच धनेश निर्मलकर, जारा सरपंच रामायण धीवर, मुसुवाडीह सरपंच अंजली पवन सारथी, जारा परिक्षेत्र उपाध्यक्ष नोहर लाल निर्मलकर, कोषाध्यक्ष कुंजीलाल निर्मलकर, सचिव सरजू निर्मलकर, पूर्व अध्यक्ष प्रकाश निर्मलकर, पूर्व सचिव लीलाधर निर्मलकर, पूर्व कोषाध्यक्ष प्रेमलाल रजक प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

# साहू समाज ने राजिम भक्तिन माता की पूजा-अर्चना की



**भवानीपुर**। राजिम भक्तिन माता की जयंती पर बुधवार को साहू समाज भवानीपुर परिक्षेत्र मुख्यालय के साहू समाज भवन भवानीपुर में समाज की आराध्य देवी राजिम भक्तिन माता, संत माता कर्मा की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि, खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर ग्रामीण साहू समाज भवानीपुर अध्यक्ष धनेश्वर साहू ने कहा कि हम सबको राजिम भक्तिन माता एवं संत माता कर्मा के बताए संदेशो का अनुसरण करना चाहिए, राजिम तेलिन माता ने अपनी भक्ति, त्याग और तपस्या के बल पर प्रभु राजीव लोचन के साथ अपनी कीर्ति अनंत काल के लिए स्थापित की। इस अवसर पर तहसील साहू संघ संगठन सचिव मनोज साहू, ग्रामीण उपाध्यक्ष विजय साहू, संगठन सचिव संजू साहू, सचिव संतोष साहू, कोषाध्यक्ष नारायण साहू, जगमोहन साहू, संतोष साहू, वामदेव साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## 42 प्रतिभागियों के बीच भूमिका ने दिखाई खेल प्रतिभा

# भूमिका का राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



शहर के मिनीमाता कॉलेज में अध्ययनरत बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा भूमिका वर्मा का राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर परिवारजनों, कॉलेज स्टाफ एवं समाजजनों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

गौरतलब है कि गत दिवस महासमुंद में छग उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित संभागीय स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। छात्रा वर्ग में कुल 42 प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसमें भूमिका वर्मा ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए कुल 5 राउंड में से 4 राउंड में जीत दर्ज की। इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

भूमिका वर्मा बलौदाबाजार क्षेत्र के अधिवक्ता एवं लोक अभियोजक थानेश्वर वर्मा की सुपुत्री हैं। राज्य स्तर पर चयनित होकर भूमिका वर्मा ने न केवल अपने परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे बलौदाबाजार जिले एवं कुर्मी समाज को भी गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर राज प्रधान सुनीता वर्मा, जिला अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर, हेमंत टिकरीहा, दुर्गेश वर्मा, महिला अध्यक्ष ईश्वरी वर्मा, सरिता वर्मा, नरसिंह वर्मा, भुनेश्वर वर्मा, रघुनंदन बाघमार, अमित वर्मा, आलोक बघेल, रामानंद बघेल, टिकेंद्र बघेल, रूपेंद्र वर्मा, कौशल्या वर्मा, कुशल वर्मा, मोतीराम वर्मा सहित कुर्मी समाज बलौदाबाजार राज के सभी पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने भूमिका वर्मा को बधाई।




